तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 3 जुलाई 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


14 खाद-बीज के लिए किसानों को न हो परेशानी



12 कांग्रेस गुटबाजी, भितरघात और सत...

स्थापना वर्ष 2014
VIPS
आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें...
विजन पैरामेडिकल
INFORMATION *CAREER GUIDANCE *ADMISSION
* COUNSELING & COACHING CENTER
प्रवेश प्रारंभ
गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य हैं।
मोबा. 9340751120, 9131330801
गर्ल्स हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
पता: रायपुर रोड, शासकीय पी.जी. कॉलेज के सामने, सृजन ITI के पीछे, कोबिया, बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)
योग्यता - 12 वीं (जीव विज्ञान)
COURSES
BACHELOR IN MED.LAB. TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB. TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Year

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24

## जांच : आबकारी उपनिरीक्षक भण्डारी ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ दर्ज कराया मामला

# बेमेतरा में नए कानून के तहत पहला केस देवकर शराब दुकान में चोरी की घटना दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के नगर देवकर में संचालित कम्पोजिट शराब दुकान में रविवार-सोमवार की रात हुई बड़ी चोरी की घटना फिलहाल नए तीन कानून के तहत बेमेतरा ज़िले का पहला मामला के रूप में दर्ज हो गई है। पुलिस चौकी देवकर में इस पर आबकारी उपनिरीक्षक वीणा भण्डारी द्वारा अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4), 305(डी), बीएनएस 2023 के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।

चोरी की गई कुल नगदी राशि 9,06,760 रुपये बताई गई है। साजा थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजकुमार साहू ने बताया कि लगातार दूसरे दिन भी मामले संदेहियों से बारीकी से पूछताछ की जा रही है। सायबर की सहायता लेकर घटनास्थल की हर एंगल से जांच-पड़ताल कर अहम जानकारी जुटाई जा रही है। सम्भवतः जल्द ही प्रकरण में जांच टीम को सफलता मिल जाएगी। देवकर मदिरालय में चोरी की यह लगातार दूसरी बड़ी घटना होने से पुलिस प्रशासन मुस्तैदी से प्रकरण की छानबीन कर रहा है। वहीं इसी बीच कई अहम खुलासे आबकारी विभाग एवं शराब दुकानों को लेकर हो रहे हैं। देवकर शराब दुकान की चोरी में आबकारी विभाग के अफसरों की मनमर्जी व लचर नीतियों को बड़ी भूमिका में बताया जा रहा है।

### 24 घंटे से अधिक बीता चोरों नहीं चला पता

#### सुरक्षा में लापरवाही

दूसरा बड़ा कारण सुरक्षा में लापरवाही को लेकर है। देवकर शराब भट्ठी में सुरक्षा गार्ड चोरी के वक्त सिर्फ चैन की नींद सोने में मशगूल रहा, जबकि रात के समय सुरक्षा उसकी जवाबदेही थी। इसके अलावा देवकर सहित जिले के अन्य विभिन्न शराब भट्ठी के पास पर्याप्त कैमरों का अभाव है साथ ही उनके तार भी व्यवस्थित नहीं है। जबकि सीसीटीवी कैमरे की नियत खरीदी विभाग द्वारा जरूरत के हिसाब से की जाती है।



#### फायर सेफ्टी सिस्टम नहीं




वहीं, सीसीटीवी कैमरा होने के बावजूद मनमानी ढंग से बंद-चालू करना एवं गैर जरूरी व्यक्तियों का सीधा प्रवेश भी एक कारण है। साथ ही ज़िले के किसी भी मदिरालय में फायर सेफ्टी सिस्टम उपलब्ध नहीं होने की बात सामने आ रही है जो दिखाता है कि बड़े पैमाने पर शराब भण्डारण होने के बावजूद सुरक्षात्मक द्रष्टिकोण से विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसमे कभी आगजनी पर बड़ी नुकसान की आशंका है।

#### दुकान के लॉकर में ही रखी शराब बिक्री की पूरी राशि

इसमें बड़ा फैक्टर अफसरों द्वारा मनमाफिक ढंग से कर्मचारियों व सुपरवाइजर को हटाया व प्रभार सौंप दिया जाता है जिसमे किसी तरह न तो योग्यता या रिकार्ड खंगाला जाता है और न ही नियम कानूनों की परवाह की जाती है। इसी का नतीजा है कि गैर जिम्मेदारी पूर्ण सुपरवाइजर द्वारा बिक्री की सभी राशि को दुकान के ही लॉकर में जमा कर रखा गया एवं लॉकर की चाबी को कर्मचारियों की जानकारी में छिपाई गई। इसकी जानकारी समूचे स्टॉफ को थी, जबकि नियमतः उसे पैसा बैंक में जमा न हो पाने पर रकम अथवा उसके लॉकर की चाबी को पुलिस चौकी कार्यालय में सुरक्षित जमा करना था, जो उसने किया नहीं।

# विघ्नहर्ता की प्रतिमा को आकार देने में जुटे मूर्तिकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

ब्लॉक बेरला अंचल सहित ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में मूर्तिकार गणपति की मूर्ति बना शुरू कर दी है। आपको बता दें कि देवताओं में सबसे पहले पूजा भगवान गणेश की होती है। प्रदेश में भगवान गणेश की मूर्ति की स्थापना व उत्सव पूरे 11 दिनों तक धूमधाम मनाया जाता है।

इस वर्ष गणेश चतुर्थी 7 सितंबर को होना है। वहीं, मूर्तिकार मूर्ति बनाने के लिए जून महीने से ही मूर्ति बनाना शुरू कर दिया है। लिहाजा बेरला ब्लॉक के ग्राम देवरबीजा में सदानंद चक्रधारी मूर्तिकार ने बताया कि बारिश लगने से पहले मूर्ति बनाने के लिए इसमें लगने वाले मटेरियल इकट्ठा करना होता है। फिर जून लगते ही मूर्ति बनाना शुरू करते हैं। ताकि बारिश के दिनों में कभी धूप तो कभी छांव व बारिश का सामना करना पड़ता है।

वहीं मूर्ति मिट्टी से बने होने के कारण सूखने में समय लगता है। हमें छोटे-बड़े विभिन्न प्रकार के आकारों में मूर्तियां बनानी होती है। श्री गणेश की मूर्ति बनाते वक्त मूर्तिकार भी श्रद्धालुओं की आस्था का पूरा ध्यान रख रहे हैं। भगवान श्री गणेश की मूर्तियां 1 फुट से लेकर 10 फुट तक बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि इस बार श्रद्धालुओं को आकर्षक करने वाले गणपति की मूर्ति का निर्माण किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### पेंशनर समाज की बैठक 6 को

**बालोद/अर्जुन्दा।** तहसील पेंशनर समाज की बैठक 6 जुलाई को संकुल केंद्र भवन अर्जुंदा में दोपहर 12 रखी गई है। इस बैठक में सदस्यता एवं आय-व्यय की जानकारी दी जाएगी। यह जानकारी सचिव सीएल देवांगन ने दी।

### पेंशनरों की बैठक 5 को

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील शाखा डौण्डीलोहारा की आगामी बैठक 5 जुलाई को दोपहर 12 बजे से कृषि पेंशनर भवन में रखी गई है। इस बैठक में बालोद जिला एवं तहसील डौण्डीलोहारा का वार्षिक सदस्यता शुल्क जमा करने, आय-व्यय का हिसाब, नव निर्माण पेंशन भवन के सामने का समतलीकरण व अहाता निर्माण एवं 14 जुलाई रविवार को नव निर्मित पेंशनर भवन के उद्घाटन की रूपरेखा के संबंध में चर्चा की जाएगी। सियाराम शार्वा अध्यक्ष डौण्डीलोहारा ने उक्त जानकारी देते हुए कहा है कि यदि व्यक्तिगत समस्या हो, तो अपने साथ आवेदन पत्र लेते आएं, ताकि निराकरण किया जा सके।

### रवेली खार से केबल चोरी, अपराध दर्ज

**भिलाई।** किसान के खेत से केबल चोरी करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पाटन पुलिस ने बताया कि ग्राम राखी निवासी नकुल लाल ने शिकायत किया है कि रवेली खार में उसका खेत है। जहां मोटर पंप के लिए सौर ऊर्जा का पैनल लगाया गया है। सोमवार की सुबह किसान खेत में बीज डालने के लिए पहुंचा था। जहां से सौर ऊंर्जा से पंप तक गई केबल वायर को अज्ञात ने पार कर लिया है। पाटन पुलिस ने दोपहर 2 बजकर 10 मिनट में नए कानून के तहत जुर्म दर्ज किया है। पाचन थाना जिले में नए कानून के तहत पहला अपराध कायम करने वाला थाना बन गया है।

# अतिक्रमण हटाने पहुंचे तहसीलदार व टीआई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थान खम्हरिया

- जय स्तंभ चौक पर लगे ठेलों व खोमचों को हटाने की दी हिदायत

नगर के मुख्य मार्ग पर हमेशा से चरमराई यातायात व्यवस्था को लेकर राहगीरों का दुकानदारों से वाद विवाद होना आम बात है। नगर के हृदय स्थल जय स्तंभ चौक के चारों ओर फल, चना मुर्रा, समोसा मंगौडी, गुपचुप, भेल बेचने व मिट्टी के सामान बेचने वालों का रोजाना डेरा रहता है, जिससे आवागमन प्रभावित होता है। कार, यात्री बसें, मालवाहक, दोपहिया वाहन के साथ ही सैकडों वाहनों का रोजाना आना-जाना होता है, जिससे दैनिक उपयोग की खरीदी के लिए नगर आने वाले तथा नागरिकों को बुरी यातायात व्यवस्था से काफी परेशानियाँ होती है। इधर रविवार साप्ताहिक बाजार के दिन तो पैदल चलना दूभर हो जाता है। बावजूद इसके स्थानीय पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती है। सोमवार को थाने में आवश्यक बैठक उपरांत नगर में अतिक्रमण व बदतर यातायात व्यवस्था सुधारने नागरिकों की मांग पर तहसीलदार प्रकाश यादव, थाना प्रभारी राकेश कुमार साहू तथा मुख्य मुख्य नगरपालिका अधिकारी मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण कर लगाए गये टीन टप्पर हटाने निकल पड़े। मुल्लु चौक से लेकर नूरानी चौक तक सङक किनारे कपडा,फल,हॉटल,जनरल स्टोर, बर्तन,किराना दुकान, मनिहारी, हार्डवेयर जैसे अनेक व्यवसायी सङक तक टीप टप्पर लगाकर यातायात बाधित कर रहे हैं, जिस पर संज्ञान लेते हुए तहसीलदार ने समस्त अतिक्रमणकारी व्यवसायियों को अतिक्रमण हटाने निर्देशित किया है।

गौरतलब है कि नगर के बीचों-बीच गुजरने वाली मुख्य मार्ग पर ही समस्त व्यवसायिक प्रतिष्ठान संचालित है। वहीं, बेतरतीब ▶▶| शेष पेज 13 पर



जिला कृषि व्यापारी संघ की बैठक में लिया गया निर्णया

# केवल मानक कृषि सामग्री का ही विक्रय करेंगे विक्रेता, लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला कृषि व्यापारी संघ की जनरल वार्षिक मिटिंग शहर के एक निजी रेस्टोरेन्ट के सभाकक्ष में रखी गई। बैठक में कृषि व्यापार से संबंधित विस्तृत चर्चा की गई। इस व्यापार में होने वाली कठिनाईयों और दिक्कतों को लेकर शासन-प्रशासन और किसानों का विश्वास अर्जित करते हुए कार्य करने पर जोर दिया गया।

संघ के जिलाध्यक्ष सिद्दीक खान ने बताया कि जिले में पंजीकृत कृषि व्यापारी कृषि से संबंधित केवल उन्ही सामग्रियों का विक्रय करते हैं जिन्हे छग शासन के संचालनालय रायपूर से स्वीकृति प्रदान की जाती है। पूरे जिले के व्यापारी किसी भी तरह के प्रतिबंधित सामग्री का विक्रय नही करते हैं। यहां के दूकानदार केवल ट्रेडिंग का कार्य करते हैं किसी भी तरह का उत्पादन नही करते। उन्होंने कहा कि विगत दिनों मीडिया में धान-बीज को लेकर मीडिया द्वारा निंदा की गई। चूंकि यहां के दुकानदार किसी भी तरह के बीज का उत्पादन नहीं करते हैं, साथ ही जो आरोप लगाए जा रहे है उसके मुताबिक पन्द्रह जून के आसपास भीषण गर्मी पड़ रही थी। ऐसे में अंकुरण प्रभावित होना स्वाभाविक है। बीज के किसी भी तरह प्रभावित होने के लिए निर्माता कंपनी जिम्मेदार होते हैं न कि विक्रयकर्ता। साथ ही दूकानदार को अपना पक्ष रखने का मौका भी नही देना ज्यादती है।



इन सब मुद्दों पर विस्तृत चर्चा कर प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही संकल्प लिया गया कि केवल और केवल मानक कृषि सामग्री का ही विक्रय जिले के दुकानदार करेंगे एवं मीडिया से आग्रह किया गया कि समाचार प्रकाशन में व्यापारियों का पक्ष भी रखा जाए, एकपक्षीय प्रकाशन न किया जाए। इस दौरान ओमप्रकाश राठी, आरके वर्मा, अर्पित गुप्ता, अश्वनी बंजारा, युवराज वर्मा, धीरेंद्र टिकरिहा, रमेश अग्रवाल, रणजीत टुटेजा, लेखराम साहू, मनोज साहू आदि उपस्थित रहे।

## जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश

# नागरिकों की समस्याओं का समाधान शीघ्रता से करें: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- जनदर्शन में मांगों व समस्याओं से संबंधित 46 आवेदन मिले

कलेक्टोरेट में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन में जिले के विभिन्न दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले 46 आवेदकों ने अपनी समस्याओं, मांगों और शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने जनदर्शन में आम जनता की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित विभाग को तुरंत निर्देश जारी किए। इस जनदर्शन में लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याओं, जैसे पानी, बिजली, सड़क, और सरकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दों को उठाया। कलेक्टर ने अधिकारियों को इन समस्याओं का समाधान शीघ्रता से करने का आदेश दिया। जनदर्शन का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करना और सरकारी सेवाओं की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित करना है। जनदर्शन में आने वाले सभी लोगों की समस्या और उनके समाधान का निराकरण भी किया जाता है। मंगलवार को आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुनीं और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए।



जनदर्शन में 46 आवेदन विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित थे जिन्हे संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकरण हेतु भेजा गया।

जन चौपाल में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुँचे लोगों में से तहसील बेरला के ग्राम मोहभट्ठा के समस्त ग्रामवासी ने आम रास्ता को मरम्मत करने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील बेमेतरा ग्राम खंडसरा के निवासी मदीना बेगम ने महतारी वंदन योजना के अंतर्गत राशि प्रदाय करने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील बेमेतरा ग्राम कुसमी निवासी नीरा वर्मा ने ग्राम कुसमी के वार्ड नं. 04 गली का रास्ता बंद होने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील नांदघाट ग्राम टेमरी निवासी कुंजबिहारी साहू ने बटवारे की जमीन का हिस्सा न मिलने के संबंध में आवेदन दिया।

### रास्ते पर अतिक्रमण, खुलवाने की मांग

तहसील साजा ग्राम बासीन के समस्त ग्रामवासी ने आम रास्ता (कृषि कार्य हेतु आने जाने वाले रास्ते) पर किये जा रहे अतिक्रमण को रोकने तथा आम रास्ता सूलभ करने के संबंध में आवेदन दिया। इसी तरह नाली के गंदा पानी की नकासी के संबंध में तहसील बेमेतरा के ग्राम तेलईकुड़ा के समस्त ग्रामवासीयों ने आवेदन दिया, तहसील थानखम्हरिया ग्राम किरकी निवासी सतन वर्मा ने सोनूग्राफी कराने के संबंध में, अतिक्रमण हटाने, नामांतरण करने, आर्थिक सहायता प्रदान करने आदि के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर एडीएम अनिल वाजपेयी, डिप्टी कलेक्टर दिव्या पोटाई सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### मैनेजर के घर घुसकर पत्नी से किया विवाद

**भिलाई।** बिना कारण के युवक द्वारा मैनेजर के घर में घूसकर उसकी पत्नी के साथ गाली गलौज विवाद करने लगा। शिकायत पर पुलिस ने नए कानून के तहत धारा 115 (2), 296 का मामला दर्ज किया है। वार्ड 10 सुभाष नगर जामुल निवासी गौरव पाण्ड़ेय बजाज फायनेंस में मैनेजर के पद पर है। मोहल्ले का मनोज यादव 30 जून की शाम घर आकर पत्नी से गाली गलौच किया। बिना कारण के विवाद कर रहा था। कार की कांच को तोड़ने की धमकी देकर चला गया। सुबह पार्किंग में खड़ी कार स्क्रेच पड़ा था। तब मनोज यादव को स्क्रेच करने को लेकर बात करने पर उसने मारपीट कर गाली गलौज किया। घटना में पीडित के दांत में व दाहिने पैर, पीठ में चोंटे आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हरिभूमि
पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### शिवसेना ने जलाया गो-तस्करों का पुतला

**रायपुर।** लगातार बढ़ रही गो-तस्करी के विरोध में सोमवार को शिवसेना (शिंदे गुट) रायपुर जिला इकाई द्वारा रायपुरा चौक में गौ-तस्करों का पुतला दहन किया गया। इस मौके पर कामगार सेना जिलाध्यक्ष संजू साहू ने बताया कि प्रदेश में लगातार गौ-तस्करी बढ़ रही है और ये गौ-तस्कर सोशल मीडिया पर भी सक्रिय हैं। प्रदेश में सक्रिय गो-तस्करों का पुतला जलाकर उन्हें समझाइश दी गई कि तस्करी छोड़ दो। इस दौरान गौ तस्कर मुर्दाबाद के नारे लगाकर पुतला जलाया गया। पुतला दहन में मुख्य रूप से संजय सोनकर, किशन साहू, गिरिराज देवांगन, अमर नायक, महावीर यादव, नरेंद्र प्रजापति, लीलाधर यदु, सदा साहू, मोनू निर्मलकर, मुकुंदा यादव, खिलेश्वर देवांगन, रितेश साहू एवं अधिक संख्या मे शिवसैनिक उपस्थित थे।

### महापौर की तबीयत बिगड़ी डाक्टरों ने कहा- निगरानी में

**रायपुर।** महापौर एजाज ढेबर की तबीयत सोमवार को अचानक खराब हो गई। उन्हें इलाज के लिए सिविल लाइंस स्थित फरिश्ता



नर्सिंग होम में दाखिल किया गया है। कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. ए फरिश्ता ने बताया कि उनकी हालत ठीक है, केवल सावधानी बरतते हुए उन्हें चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है। ढेबर सोमवार की रात लोगों से मिल रहे थे, इसी दौरान उनकी तबीयत बिगड़ी। असहज महसूस होने पर उन्हे उपचार के लिए तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। सावधानी बरतते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच के बाद उन्हें आईसीयू में दाखिल किया है। आशंका जताई जा रही है कि उनका ब्लड प्रेशर हाई हो गया था।

### वाहन किराए पर लेने पर प्रतिबंध में मिली छूट

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा शासकीय अधिकारियों के लिए किराए पर वाहन लेने पर प्रतिबंध लागू किया गया है। यह प्रतिबंध इसी साल मई से लागू है, लेकिन अब राज्य सरकार ने इस प्रतिबंध में कुछ छूट का आदेश भी जारी किया है। इस संबंध में शासन के सभी विभागो, अध्यक्ष राजस्व मंडल, सभी विभागाध्यक्ष, सभी संभागायुक्त, सभी कलेक्टरों को इस निर्णय से अवगत कराया गया है। इस संबंध में अब सरकार के वित्त विभाग ने आदेश जारी किया है। वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि नक्सल विरोधी कार्य एवं वीआईपी सुरक्षा के लिए वाहनों को किराए पर लेने के लिए पुलिस महानिदेशक, एवं जिला कलेक्टर को प्रतिबंध से मुक्त रखा गया है।

### जमीनों के खसरों के क्रय-विक्रय पर प्रतिबंधित और मुक्त करने का खेल

**रायपुर।** पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, भाजपा की सरकार बनते ही रायपुर में आदेश पारित किया जाता है कि अवैध प्लाटिंग पर लगातार कार्रवाई की जायेगी। वहीं रसूखदार एवं



भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों के प्लाटिंग पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जा रही है और यदि कहीं-कहीं पर की गई है, तो उसे पुनः प्रतिबंधित सूची से हटा दिया गया। हम ऐसे दोहरे चरित्र वाली कार्रवाई का विरोध करते हैं और सरकार से मांग भी करते हैं कि छोटे-छोटे भू-स्वामी लोग प्लाटिंग करके जीवन-यापन कर रहे हैं, इस पर कार्रवाई न की जाये। उन्होंने इसी संदर्भ में जिलाधीश को एक पत्र लिखा है जिस पर रायपुर जिले में भू-स्वामियों द्वारा उनके निजी जमीनों के खसरों के क्रय-विक्रय पर प्रतिबंधित लगाया जा रहा है। अवैध प्लाटिंग का रूप देकर फिर उन्हीं खसरों को किस मापदण्ड के आधार पर मुक्त भी किया जा रहा है, इसकी जानकारी मांगी है।

# सरकार का आदेश, विभागीय जांच एक साल में हो पूरी, सचिव को समीक्षा के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य सरकार ने आदेश जारी किया है कि किसी भी अधिकारी कर्मचारी के खिलाफ अगर विभागीय जांच शुरु की जाती है, तो उसे एक साल में पूरा किया जाना चाहिए। इसके साथ ही ये भी कहा गया है कि विभागीय सचिव समय-समय पर विभागीय जांच प्रकरणों की समीक्षा भी करते रहें। यह आदेश इसलिए जारी किया गया है कि सरकारी विभागों में विभागीय जांच के मामले बरसों-बरस चलते रहते हैं। इसकी वजह से निलंबन की अवधि में शासकीय सेवक को वेतन देना पड़ता है और संबंधित अधिकारी कर्मचारी कोई काम भी नहीं करते हैं। छत्तीसगढ़ सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में प्रदेश के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, विशेष सचिव, के लिए आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि शासन के ध्यान में यह आया है कि विभागीय जांच के मामलों को लेकर पूर्व में जारी आदेश का पालन समुचित रूप से नहीं किया जा रहा है। विभागीय जांच के प्रकरणों को एक वर्ष के अंदर पूरा करना आवश्यक है। लेकिन कई विभागों द्वारा विभागीय जांच एक साल में पूरी नहीं की जा रही है। ऐसे में आरोपी शासकीय सेवक कई वर्षों तक निलंबन में रहते हैं। विभागीय जांच समाप्त होने के बाद उन्हें बहाल किया जाता है। यदि आरोपी विभागीय जांच में निर्दोष साबित होता है तो शासन को उसके निलंबन काल का पूरा वेतन और भत्ता देना पड़ता है।

## सरकार ने सभी विभागों से सालभर से लंबित प्रकरणों का ब्योरा मांगा

### बिना कारण जांच में करते हैं देर

सरकारी आदेश में यह भी कहा गया है कि अनेक विभागों में विभागीय जांच के प्रकरण बिना यथोचित कारणों से अनावश्यक रूप से लंबे समय तक लंबित रहते हैं। इसकी वजह से शासन और शासकीय सेवक दोनों पक्षों को अनावश्यक कठिनाई का सामना करता पड़ता है। इसलिए यदि किसी प्रकरण में निर्धारित समय से अधिक विलंब किसी स्तर पर होता है तो यथोचित कारणों के न पाए जाने पर विलंब के संबंध में उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए संबंधित उत्तरदायी अधिकारियों- कर्मचारियों के विरुद्ध सक्षम अधिकारी द्वार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जानी चाहिए।




### विभागीय सचिवों को समीक्षा के निर्देश

राज्य शासन ने कहा है कि विभागीय जांच के प्रकरणों को समय सीमा में निपटाया जाना चाहिए। इसके साथ ही विभागीय सचिव को समय समय पर ऐसे जांच प्रकरणों की समीक्षा करना चाहिए। आदेश में यह भी याद दिलाया गया है कि विभागीय जांच प्रकरणों में विलंब की स्थिति को समाप्त करने के उद्देश्य से 10 मार्च 1997 में आदेश दिया गया था कि जांचकर्ता अधिकारी एवं प्रस्तुतकर्ता अधिकारियों की संविदा नियुक्ति सेवानिवृत्त अधिकारियों के पैनल से की जाए। राज्य सरकार ने सभी विभागों से कहा है कि वे अपने विभाग में एक साल से अधिक समय से लंबित प्रकरणों की जानकारी सामान्य प्रशासन विभाग को उपलब्ध कराएं।

## एक गुमनाम पत्र में भूपेश बघेल सहित कई बड़े नेताओं को हार का जिम्मेदार बताया

# कांग्रेस गुटबाजी, भितरघात और सत्ता-संगठन में तालमेल की कमी के कारण चुनाव हारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हार की समीक्षा के दौरान राजीव भवन में सोमवार को राजनांदगांव और दुर्ग लोकसभा सीट से फैक्ट फाइंडिंग कमेटी ने 150 से अधिक लोगों से वन-टू-वन मुलाकात कर उनसे चर्चा कर हार के कारणों के बारे में जाना। चार दिन की समीक्षा के बाद यह बात सामने आई कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस गुटबाजी, भितरघात और सत्ता-संगठन में तालमेल की कमी के कारण चुनाव हारी। समीक्षा बैठक में फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के सदस्य वीरप्पा मोइली और हरीश चौधरी सभी लोकसभा की समीक्षा के बाद इसकी रिपोर्ट एआईसीसी को देंगे। सोमवार को राजनांदगांव और दुर्ग लोकसभा की बैठक के बीच एक गुमनाम पत्र बाहर आया, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम से लिखे गए पत्र में भूपेश बघेल सहित कई बड़े नेताओं को हार का जिम्मेदार ठहराया गया है। इसमें लिखा गया कि बड़े नेताओं के अहंकार की वजह से छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हार हुई है। डॉ. चरणदास महंत, अकबर और ताम्रध्वज के खिलाफ भी शिकायत की गई है। पत्र में यह भी लिखा गया है कि महंत ने भूपेश और डहरिया को निपटाया है। पत्र में कहा गया है कि चुनाव परिणामों पर समीक्षा करने आज नेता दिल्ली से रायपुर पहुंचे और विधानसभा, लोकसभा में हार के कारणों पर चर्चा की, जबकि आप स्वयं राहुल गांधी, कुमारी सैलजा, चन्दन यादव, रत्नगिरी उल्का और प्रदेश की जानती है कि हार के मात्र दो कारण हैं।

- लोकसभा में कहां ज्यादा मत मिले, कहां कम, इसको लेकर जुलाई के पहले सप्ताह में होने वाली बैठक में होगा मंथन

### हार के ये कारण बताए

पहला कारण भूपेश बघेल का अहंकार और बदतमीजी से बात करना, एकला चलो की रणनीति संगठन को दरकिनार करके चलना। जातिवाद की मानसिकता, उनका भ्रष्टाचार और गलत टिकट वितरण करना है। हार का दूसरा कारण बताते हुए कहा गया है सौम्या, रामगोपाल, गिरीश देवांगन, अनिल टुटेजा, सूर्यकांत, विनोद वर्मा, प्रदीप शर्मा, राजेश तिवारी, ढेबर जैसे लोग और सट्टा, शराब, कोयला, डीएमएफ, जीएसटी, पीएससी जैसे कई घोटाले, जिनके कारण बघेल पिता-पुत्र और दामाद पर ईडी की कार्रवाई की संभावना से डरकर भूपेश बघेल की भाजपा से डीलिंग हुई। विधानसभा और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को हराने का पूरा षड्यंत्र हुआ, जिसमें बघेल ने पूरी कांग्रेस को प्रदेश में हासिए पर ला दिया, तभी इनके मंत्रिमंडल के सभी मंत्री भी हार गए।



### हारे हुए चेहरों को लोकसभा में दिया टिकट

*लोकसभा में फिर हारे हुए पुराने चेहरों को टिकट दिया। दुर्ग से पांच मंत्री थे, सब हारे थे, फिर दुर्ग से चार लोगों को दूसरे क्षेत्रों से टिकट दे दिया। परिणाम ये हुआ कि सब हार गए। ज्योत्सना महंत जीती, तो उसमें चरणदास या कांग्रेस का कोई रोल नहीं है। सरोज पाण्डेय को भाजपा के बड़े नेताओ ने ही हराया, इसमें दो मंत्री और तीन विधायक का रोल है। अमित जोगी और तुलेश्वर मरकाम का भी पैसा लेकर सहयोग लिया गया और भूपेश, ताम्रध्वज, चरणदास, चौबे, अकबर, सिंहदेव तो अपनी विधानसभा में भी पार्टी को लीड नहीं दिला सके।*

### सत्ता-संगठन में तालमेल की कमी से हारे चुनाव- बैज

*वहीं फैक्ट फाइंडिंग कमेटी की बैठक को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सत्ता-संगठन के बीच तालमेल था, लेकिन कुछ कमियां रहीं, जिसके कारण हमें चुनाव में सफलता नहीं मिली। उन्होंने कहा, सभी सीनियर नेताओं ने कमेटी को सुझाव दिए हैं। आने वाले समय में संगठन को नए तरीके से मजबूत करके सीनियर नेताओं को साथ में लेकर मजबूती से काम करेंगे। आने वाले समय में नगरीय निकाय, पंचायत चुनाव मजबूती के साथ लड़ेंगे। विधानसभा चुनाव के बाद जिला स्तर पर समीक्षा की गई थी। कहीं ना कहीं कुछ कारण रहा होगा। नई रणनीति के साथ आने वाले समय में लड़ा जाएगा।*

# मानव जीवन का कल्याण सिर्फ भगवत भक्ति से संभव




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम हीरापुर में चल रहे नौ दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के चतुर्थ दिवस मंगलवार को धुरव चरित्र व जड़ भरत कथा, प्रहलाद चरित्र, समुद्र मंथन, वामन अवतार का चरित्र का कथा जगन्नाथपुर वाले व भागवतव्यास पंडित रूपेश कृष्ण जी मिश्रा ने राजा उत्तानपाद व उसकी दो पत्नी की कथा सुनाते हुए कहा हमारा सहारा तो जगतपति नारायण ही है। नारायण के अतिरिक्त अब हमारे दुख को दूर करने वाला कोई दूसरा बचा नहीं है।

पंडित रूपेश कृष्ण जी मिश्रा ने श्रोताओं को बताया कि जिसका रखवाला भगवान नारायण स्वयं हैं उसकी कीर्ति चारों ओर फैलेगी। इसलिए प्रभु भक्ति में लीन हो जाना चाहिए। वही परीक्षित के भूमिका में कुंजलाल साहू उपस्थित थे। प्रतिदिन ग्रामीणों के अलावा आसपास के ग्रामवासी का आगमन भागवत कथा का रसपान करने हो रहा है। पंडित रूपेश कृष्ण जी मिश्रा ने श्रोताओं को कथा का सारांश बताते हुए कहा कि मानव जीवन का कल्याण सिर्फ भगवत भक्ति से संभव है। जो नारायण की भक्ति करता है उसे परम पद की प्राप्ति होती है। अंतर्मन में आंनद की अनुभूति होती है। जिसे लोग दर दर भटक कर ढूंढते हैं। सभी ईश्वर आराधना कर आनन्द की अनुभूति करें।

भागवत कथा का रसपान करने पहुप बाई साहू, राधेश्याम शकुन साहू, कुंजलाल किरण साहू, बिशाखा बाई, धर्मराज, देवश्री, हितेश, बबिता, विवेकानंद, दमयंती चुरामन, लुकेश्वरी, लक्ष्मी, हरिश्चंद्र, परमेश्वरी, जनिक, छन्नू, दुर्गेश, पायल, भूमिका, पुष्पांजलि, लविश सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

- हीरापुर में नौ दिवसीय श्रीमद भागवत कथा जारी

# सेवानिवृत्ति पर प्रधानपाठक मंडावी को दी गई विदाई



**गुरूर।** मंगलवार को प्राइमरी स्कूल हितेकसा में पदस्थ हेडमास्टर विजय कुमार मंडावी के रिटायर होने पर मिडिल स्कूल प्रांगण में बिदाई समारोह का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि रिटायर शिक्षक विजय कुमार मंडावी ने कहा कि 12 वर्ष के सेवा काल में सभी का पूरा सहयोग मिला है। गुरुओं का ज्यादा वर्णन नहीं किया जाता है। प्राइमरी स्कूल के विकास के लिए रिटायर शिक्षक ने 25 हजार रुपये नगद प्रदान किया। अध्यक्षता के रहे सरपंच भूपेश कुमार हिरवानी ने कहा कि सदमार्ग मे सत्संग सिखाने वाले शिक्षक का हमेशा सम्मान किया जाता है। संकुल प्राचार्य धानापुरी एमएल टण्डन ने कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण है। संकुल समन्वयक मोहित कुमार चुरेन्द्र ने कहा कि मेरे संकुल से एक शिक्षक के रिटायर होने पर आज बिदाई समारोह पूरा ग्रामीण ने किया है यह हर्ष का विषय है। पीटीआई धानापुरी नरेन्द्र कुमार ठाकुर, धनसिंग साहू अतिथि के रुप में शामिल थे। शाला प्रबंधन समिति की ओर से भगवान शिव की प्रतिमा भेंट की गई। ग्राम विकास समिति, सभी शिक्षकों, प्राइमरी एवं मिडिल स्कूल के बच्चों, ग्रामीणों एवं प्राइमरी स्कूल के शिक्षक सुरेश साहू ने सेवानिवृत्त प्रधानपाठक को स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में शिक्षक सुरेश साहू, ऋषि कुमार, अनुरुद्ध दास नवरंगा, उपेंद्र कुमार वर्मा, शैलेन्द्र कुमार मगर, डिकेन्द्र कुमार करियाम, शाला प्रबंधन अध्यक्ष यशोदा बाई, योगेश्वरी साहू, ताणी साहू, जान्हवी सिन्द्राम, दीक्षा मंडावी, मुक्ति साहू, साक्षी साहू एवं प्राइमरी एवं मिडिल स्कूल के बच्चे शामिल थे।

# किल्लेकोड़ा में मना शाला प्रवेश उत्सव




**डौंडीलोहारा।** वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोडा के सभागार में नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं के लिए शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसके मुख्यअतिथि राजाराम तारम जनपद सदस्य,अध्यक्षता ललिता गांवरे सरपंच, विशिष्ट अतिथि के रूप में वीरेंद्र कुल्हार्य, गैंदलाल तारम, उत्तरा बाई, गुलाबबाई शर्मा, रामेश्वरी देवी गांवरे, रुखमणी देवी सिन्हा, दौलत राम, अजय मुखर्जी (प्राचार्य) तथा वाय. एस. मरकाम (वरिष्ठ व्याख्याता) थे। इस अवसर पर मुखर्जी सर ने कहा कि आज हमारे यहां नवमी एवं 11वीं में प्रवेश लिए नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का सम्मान करने जा रहे हैं। इस वर्ष कक्षा दसवीं का रिजल्ट शत- प्रतिशत रहा है, तथा 39 में से 27 छात्र छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं, जो कि हमारे विद्यालय के लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम को वीरेंद्र कुल्हार्य, गैंदलाल तारम, डॉ. बी .एल .साहसी व्याख्याता , गांवरे मैडम ने भी संबोधित किया। मुख्य अतिथि राजाराम तारम ने कहा कि मेरा प्रयास सार्थक रहा कि मैने किल्लेकोडा हाई स्कूल का उन्नयन करने में सफलता प्राप्त की ।अंत में अतिथियों द्वारा नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को मुंह मीठा कराया गया। वहीं, कापी, पुस्तक व कलम प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। आभार प्रदर्शन श्री मरकाम ने किया। इस अवसर पर सी.जी. पटेल व्याख्याता, जे.पी. बांधव, हेमेंद्र साहू, घनश्याम पटेल, त्रिजला ठाकुर मैडम, ललित देवहारी, श्रवण यादव ,खगेश ठाकुर तथा कुशल देवदास आदि उपस्थित थे।

# घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय में नए आपराधिक विधि पर हुआ व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय के विधि विभाग द्वारा ऑनलाइन माध्यम से नए आपराधिक विधि पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सहायक प्राध्यापक विधि छत्तीसगढ़ प्रशासनिक अकैडमी निमोरा रायपुर डॉ सुरेश मनि त्रिपाठी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जेके खलखो ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विधि विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ राघवेश पांडेय ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है कि हम अंग्रेजों द्वारा बनाए गए कानून से मुक्त हो रहे है, यह गर्व की बात है कि अब भारतीय संसद के द्वारा बनाया गया कानून भारतीय लोगों पर लागू होगा।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ सुरेश मनि त्रिपाठी ने तीनों कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 में जुड़े नए प्रावधानों पर विस्तर से चर्चा की। उन्होंने मुख्य रूप से आतंकवाद, देशद्रोह, संगठित अपराध को बिस्तर से बताया।

इसी तरह उन्होंने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में प्रथम सूचना रिपोर्ट, जमानत एवं इस कानून तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम में हुए इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के बारे में बताते हुए पूछे गए प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया।

इस अवसर पर डॉ एचएल मानकर, सीडी मानिकपुरी, डॉ जेके पटेल, डॉ रामाधीन साहू, जयंती सिंह, डॉ दीपाली राव, मनीष टोप्पो, सुनीता गणेश जोशी, पूनमचंद गुप्ता, स्वाति वैष्णव व अन्य प्राध्यापक उपस्थित थे। आभार व्यक्त डॉ जेके पटेल ने किया तथा संचलन सुब्रत मंडल ने किया।

## मानसून सक्रिय, किसान फसलों की बोआई में जुटे

# 7 लाख हेक्टेयर में बोनी, धान की खुर्रा बोआई कर रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ में 7 लाख 20 हजार हेक्टेयर में विभिन्न प्रकार की खरीफ फसलों की बोआई की जा चुकी है। इन फसलों में धान की खुर्रा बोनी लगभग 5.70 लाख हेक्टेयर और मोटे अनाज, गन्ना और अन्य फसल शामिल हैं। जून में पिछले साल के मुकाबले कम बारिश होने की वजह से कई इलाकों में बोनी पिछड़ गई है। जून के अंतिम सप्ताह में बारिश होने से अब पूरे प्रदेश में किसान खेतों में बोनी करने में जुट गए हैं। जुलाई के पहले सप्ताह में अच्छी बारिश की संभावना देखते हुए किसानों ने अपने खेतों को तैयार कर बोनी करने में लगे हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि चालू खरीफ सीजन में 48.63 लाख हेक्टेयर में फसल की बुआई की होगी, जो पिछले वर्ष के मुकाबले 35 हजार हेक्टेयर बढ़ी है। जिन फसलों का रकबा पिछले सीजन के मुकाबले बढ़ा है, उनमें मोटे अनाज का रकबा 3.65 लाख हेक्टेयर हो गया है। पिछले साल के मुकाबले यह 30 हजार हेक्टेयर बढ़ा है। वहीं दलहन की फसल इस साल 2.89 लाख हेक्टेयर में लेने का लक्ष्य है। यह पिछले साल के मुकाबले 14 हजार हेक्टेयर से अधिक बढ़ा है। अन्य फसलों के रकबे में 8 हजार हेक्टेयर की कमी आई है। वहीं गन्ना फसल में कमी आई है। पिछले साल किसानों ने 15.28 हजार हेक्टेयर में गन्ना बोया था, जो इस साल घटकर 14.80 हजार हेक्टेयर हो गया है।

### धान की बोनी का रकबा घटा

खरीफ सीजन की फसलों की बोनी शुरू हो गई है। इस बार खरीफ बुआई वाली अरहर, उड़द और मूंग जैसी दालों का रकबा बढ़ने का अनुमान है। अच्छे मानसून की संभावना ने किसानों का दालों के उत्पादन की ओर ध्यान खींचा है। छत्तीसगढ़ में कृषि विभाग ने खरीफ फसलों की बोआई का जो लक्ष्य तय किया है, उनमें धान की फसल 38.65 लाख हेक्टेयर है। यह पिछले वर्ष के मुकाबले लगभग 28 हजार हेक्टेयर कम है। उसके स्थान पर मोटे अनाज और दलहन का रकबा इस साल बढ़ा है।

### तिलहन का रकबा बढ़ा

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन में बोई जाने वाली तिलहन की फसलों में मूंगफली का रकबा 53.13 हजार हेक्टेयर तय किया गया है। यह पिछले साल के मुकाबले 3 हजार हेक्टेयर से अधिक है। वहीं तिल की फसल कुल 24.94 हजार हेक्टेयर में ली जानी है। इसके रकबे में भी 2 हजार हेक्टेयर बढ़ा है। सोयाबीन की बोनी का रकबा लगभग 39.02 हजार हेक्टेयर तय किया गया है। जो पिछले साल के मुकाबले डेढ़ हजार हेक्टयर बढ़ा है। रामतिल का रकबा 44.23 हेक्टेयर तय किया गया है, इसमें 3.23 हजार हेक्टेयर की वृद्धि हुई है।

# नवीन कानूनों पर आधारित पुस्तक का किया विमोचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार से देशभर में लागू हुए नवीन कानूनों पर आधारित पुस्तक का विमोचन किया। तीन नए आपराधिक कानूनों को लेकर यह संग्रह महत्वपूर्ण जानकारियों का संकलन है। छत्तीसगढ़ पुलिस की इस विशेष पहल से नवीन कानूनों को समझना आसान होगा। पुलिस अधिकारियों और विवेचकों के लिए यह पुस्तक महत्वपूर्ण संदर्भ होगी। अपराधों की विवेचना में भी उपयोगी होगी। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव गृह विभाग मनोज पिंगुआ, डीजीपी अशोक जुनेजा, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, बसव राजू एस. एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### कई वरिष्ठ सीए का सम्मान

**रायपुर।** नेशनल चार्टर्ड अकाउंटेंट डे पर रायपुर ब्रांच ऑफ इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने देश और प्रोफेशन के लिए दी गई सेवाओं लिए वरिष्ठ सीए को सम्मानित किया। पूर्व अध्यक्ष सीए अमित चिमनानी, संजय बिल्थरे, रवि अग्रवाल, आशुतोष श्रीवास्तव, मदन उपाध्याय, सुरेश अग्रवाल, संजीव राठी,शशिकांत चंद्राकर,दीपिका नतथानी,श्याम सुंदर अग्रवाल ,राजेश अग्रवाल,विनय पलसानिया, सिद्धार्थ पारख,योगेश पुरोहित जितेंद्र खनूजा,चेतन तारवानी, सुमित बड़वानी, आशीष सेवक,मनमिश राजपाल, रीना जैन सहित वरिष्ठ जन का सम्मान हुआ। सीआईआरसी के पूर्व अध्यक्ष जीएस अग्रवाल व किशोर बरडिया, रायपुर ब्रांच अध्यक्ष धवल शाह, सचिव रश्मि बांगला, मैनेजिंग कमिटी से रवि, ग्वालानी, विकास गोलछा, गोपाल अग्रवाल, रवि जैन माजूद रहे।

### कॅरियर गाइडेंस सेमिनार 7 को

**रायपुर।** भारतीय बौद्ध महासभा का कॅरियर गाइडेंस सेमीनार और समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह 7 जुलाई को दोपहर 3 बजे से प्रेस क्लब सभागार में आयोजित है। कार्यक्रम में डॉ. केपी यादव वाइस चांसलर मैट्स युनिवर्सिटी प्रतिभागियों को मार्गदर्शन देने मौजूद रहेंगे। सेमिनार में सभी हाईस्कूल, हायर सेकंडरी और कॉलेज के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं, प्रवेश निशुल्क रखा गया है। भारतीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष प्रकाश रामटेके ने यह जानकारी दी।

### 35 डॉक्टरों को किया सम्मानित



**रायपुर।** चिकित्सक दिवस के अवसर पर लायंस क्लब रायपुर सीनियर द्वारा कोटा रोड स्थित सुयश अस्पताल के संचालक डॉ. विवेक केशरवानी, डॉ. मनोज लाहोटी और नितिन गोयल सहित 35 चिकित्सकों का सम्मान किया। इस अवसर पर लायंस क्लब के संयोजक डॉ. निरंजन हरितवाल, संतोष गुप्ता, दीपक सिन्हा, दिवाकर अवस्थी, सुरेश अग्रवाल, शिव कुमार अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### छग पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का समापन

**रायपुर।** वर्ल्ड पॉवर लिफ्टिंग इंडिया एसोसिएशन छग के तत्वावधान में आयोजित छग पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप रायपुर में हुई। पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार ने बताया कि प्रतियोगिता में चयनित छग पॉवर लिफ्टिंग की टीम में पुरुष वर्ग में राहुल सारथी, आदिल खान, खीलन सिंह, मोनू गोस्वामी, राजा राजपूत, लखपति सिंदूर, महेश आजाद, शुभम वैष्णव, विनय वैष्णव, दीपेश नायक, जयदीप गुप्ता, कैलाश कुर्रे, रोहित कुमार चौधरी, मुकेश कहार, रूपेंद्र सोनकर, दिनेश कारवा, आयुष शर्मा, अनुराग साहू, कुंदन साहू, दिव्यांश ओझा तथा महिला वर्ग में कमला देवी मंगतानी, शकुंतला सिंह, संजीदा खातून, सलीता पनेडिया, सुमन मरकाम, जया साहू, छग टीम पुरुष वर्ग के मैनेजर प्रदीप क्षत्रिय और महिला वर्ग के कल्याणी महोबिया होंगे।

# लापरवाही की भेंट चढ़ा सैकड़ों एपीएल कार्डधारकों का खाद्यान्न, हुआ लैप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

उचित मूल्य की दुकानों के संचालकों और खाद्य विभाग की लापरवाही के कारण सैकड़ों एपीएल कार्ड धारकों को पिछले माह खाद्यान्न ही नहीं मिल पाया। इसके कारण इन सभी धारकों का खाद्यान्न भी लेप्स हो गया।

बताया गया है कि अप्रैल और मई का एक साथ दो महीने का चावल कार्ड धारकों को देने का आदेश विभाग ने जारी किया था। इस आदेश के तहत सभी कार्ड धारकों को दो महीने का चावल एक साथ दिया गया। इस दौरान कई राशन दुकानदारों ने एपीएल का आबंटन खत्म होने पर उन्हें बीपीएल कोटे का चावल बांट दिया। इसके कारण सिस्टम में जून माह में इन दुकानदारों के ऑनलाइन सिस्टम में एपीएल कोटे का चावल माइनस दिखाने लगा, जिसके कारण विभाग ने उनका चावल इस शर्त पर आबंटन नहीं किया कि जब तक वे एपीएल कोटे की राशि एक साथ जमा नहीं कराते उनका आबंटन रोका जाए। इसके लिए विभाग ने दुकानदारों को नोटिस भी जारी किया था। इस नोटिस के बाद कुछ को छोड़कर बाकी दुकानदारों ने राशि जमा नहीं कराई, जिसके उन्हें चावल भी आबंटन नहीं किया गया। चावल नहीं मिलने से इन दुकानों में कार्ड धारकों को खाद्यान्न भी नहीं मिला है।

## सिस्टम में ऑप्शन नहीं, इसलिए इस माह नहीं मिल पाएगा

### अधिकारियों को पता था लैप्स हो जाएगा खाद्यान्न, फिर भी चुप्पी साधे रहे

जिलेभर में 50 से अधिक दुकानदारों ने एपीएल धारकों को बीपीएल कोटे का चावल बांट दिया है। इन सभी दुकानदारों को विभाग ने नोटिस जारी किया। इस नोटिस के बाद कुछ दुकानदारों ने ही राशि जमा कराई है। विभाग के अधिकारी भलीभाती जानते थे कि दुकानदारों को चावल आबंटन नहीं करने से धारकों को भी नहीं मिल पाएगा, जिससे उनका एक माह का राशन भी लेप्स हो जाएगा। इसके बावजूद विभाग ने धारकों का राशन लेप्स न हो इसके लिए कोई प्रयास नहीं किए।



### दोबारा नोटिस जारी करेंगे

बीपीएल का चावल एपीएल को वितरण करने मामले में दुकानदारों को नोटिस जारी किया था। इसके बाद भी अब तक 35 से 40 दुकानदार एपीएल चावल की राशि जमा नहीं की है। इस कारण इन दुकानों को चावल आबंटन नहीं किया, जिससे कई धारकों को चावल लेप्स हुआ है। इस मामले में दुकानदारों पर कार्रवाई के लिए दोबारा नोटिस जारी करेंगे।

**- भूपेंद्र मिश्रा,** जिला खाद्य नियंत्रक

### चावल के साथ शक्कर से भी हुए वंचित

राशन दुकान में कार्ड धारक को एक साथ चावल और शक्कर वितरित किया जाता है। दुकानों में एपीएल कोटे का चावल नहीं होने के कारण कई धारक शक्कर भी ले नहीं पाए। इसके कारण चावल के साथ शक्कर भी लेप्स हो गई।

### सिस्टम में ऑप्शन नहीं, इसलिए पिछले माह का चावल नहीं मिलेगा

राशन दुकानों में ऑनलाइन सिस्टम के माध्यम से कार्ड धारक को खाद्यान्न मिलता है। अगर कोई धारक किसी कारण से किसी माह राशन दुकान से खाद्यान्न नहीं ले पाता है, तो उसका एक माह का खाद्यान्न लेप्स हो जाता है। इसका कारण ऑनलाइन सिस्टम में ऐसा ऑप्शन ही नहीं दिया गया है, जिससे दुकानदार कार्ड धारक को छूटे माह का राशन दे सके। इसलिए छूटे धारकों को भी पिछले माह का खाद्यान्न चालू माह में नहीं मिल पाएगा।

## तात्यापारा-शारदाचौक सड़क चौड़ीकरण के लिए निगम को अधिकृत करने पर दिया जोर

# तेलीबांधा से टाटीबंध की सड़क होगी चकाचक स्ट्रीट लाइट पर खर्च होंगे 2 करोड़ 64 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा से टाटीबंध तक की सड़क अब दूधिया रोशनी से जगमगाएगी। नगर निगम इस मार्ग पर स्ट्रीट लाइट लगाने 2 करोड़ 64 लाख रुपए खर्च करेगा। एमआईसी ने इस मार्ग में प्रकाश व्यवस्था के लिए टेंडर की अनुमति दी है। इसी तरह आक्सीजोन उद्यान का पूर्व मंत्री व महापौर स्वर्गीय तरुण चटर्जी के नाम पर करने का निर्णय लिया। इसके साथ ही शहर के घनी आबादी वाले व्यस्तम मार्ग तात्यापारा-शारदा चौक के दोनों तरफ के सड़क चौड़ीकरण के लिए एजेंसी बदलकर नगर निगम को अधिकृत करने पर जोर दिया गया।

गांधी सदन में सोमवार को महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में एमआईसी की बैठक हुई। इसमें 10 एजेंडों. पर सदस्यों ने चर्चा कर कर आपसी सहमति के बाद 8 एजेंडे पारित किये, 2 एजेंडे को लंबित रखा गया है। दरअसल, तात्यापारा से शारदाचौक सड़क चौड़ीकरण का बहुप्रतीक्षित मसला एमआईसी की बैठक में आया। महापौर एजाज ढेबर ने कहा, शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने तात्यापारा-शारदाचौक चौड़ीकरण का काम तत्काल शुरू होना आवश्यक है। 500 मीटर के प्रस्तावित मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर श्री ढेबर ने राजस्व विभाग के अध्यक्ष अंजनी-राधेश्याम विभार की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई है, जिसमें वरिष्ठ एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, ज्ञानेश शर्मा के अलावा इंदिरा गांधी वार्ड पार्षद सुरेश चन्नावार, विवेकानंद-सदर बाजार वार्ड पार्षद डॉ. सीमा-मुकेश कंदोई को इसमें सदस्य के रूप में शामिल किया है। इस समिति की जल्द बैठक होगी।

महापौर एजाज ढेबर ने हरिभूमि से बातचीत में बताया कि तात्यापारा-शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण को लेकर बनाई गई समिति बैठक लेकर पुराने दस्तावेज का अध्ययन करेगी। इसमें तत्कालीन महापौर सुनील सोनी के कार्यकाल में सड़क चौड़ीकरण किस तरह किया गया, मुआवजा का आधार और इसके माध्यम पर विचार करेगी, क्योंकि उस समय दोगुना मुआवजा का प्रावधान नहीं था, जबकि वर्तमान में शहरी क्षेत्र जमीन के मुआवजा में प्रभावितों को दोगुना मुआवजा का प्रावधान है। श्री ढेबर ने राज्य सरकार से तात्यापारा शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण के लिए 200 करोड़ दिये जाने की मांग की है।

### पेंशन प्रकरणों को मंजूरी

बैठक में निराश्रित पेंशन योजना से संबंधित 25 पात्र प्रकरणों और राष्ट्रीय परिवार सहायता पेंशन योजना से संबंधित 8 पात्र प्रकरणों को सर्व सम्मति से मंजूरी दी गई।



- एमआईसी की बैठक में 10 एजेंडों पर, चर्चा 8 पारित, 2 प्रस्ताव लंबित

*आक्सीजोन उद्यान तरुण चटर्जी के नाम : एमआईसी ने आक्सीजोन का नामकरण पूर्व महापौर स्वर्गीय तरुण चटर्जी के नाम पर करने का निर्णय लिया है। इसी प्रकार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पी. जगन्नाथ राव नायडू के नाम पर श्मसानघाट काली मंदिर से मेडिसाइन हास्पीटल तक के मार्ग का नामकरण किये जाने के प्रस्ताव की अनुशंसा करते हुए इसे नगर निगम की सामान्य सभा में विचार के लिए रखे जाने के निर्देश दिये।*

### पौधारोपण के लिए सुझाव

महापौर ने जोन कमिश्नरों को सभी पार्षदों की जोन में बैठक लेकर मानसून के दौरान पौधारोपण अभियान में लगाये गये पौधों की सुरक्षा करने और नये पौधे लगवाने निर्देश दिये। बैठक के दौरान पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग अध्यक्ष सुरेश चन्नावार ने शहर में अविकसित गार्डन में खाली पड़ी जमीन पर पेड़ पौधे लगाने के सुझाव दिये। उन्होंने इस बार शहर में 5 से 6 फीट ऊंचाई वाले करीबन 2 हजार पौधों का रोपण के साथ ही उसकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड उपलब्ध कराने की जरूरत बताई। एमआईसी की बैठक में निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, वरिष्ठ एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, ज्ञानेश शर्मा, अंजनी-राधेश्याम विभार, सतनाम पनाग, सुरेश चन्नावार, जितेंद्र अग्रवाल, रितेश त्रिपाठी, आकाश तिवारी, सुंदर जोगी,द्रोपती पटेल, सहदेव व्यवहार, अपर आयुक्त विनोद पांडे, अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा सहित निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

# एसयूवी कारों के टॉप मॉडल में अब दो माह से कम की वेटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- 5 से 8 लाख तक की कम बजट वाली कारें मिल रहीं आन डिमांड

प्रदेश में चारपहिया वाहनों में लंबी वेटिंग का दौर अब लगभग समाप्ति की तरफ है। अब एसयूवी की किसी भी कार के टॉप मॉडल के लिए महज दो माह से भी कम का इंतजार करना पड़ रहा है। बीते दो तीन सालों से कई मॉडलों में एक से डेढ़ साल तक की वेटिंग चल रही थी, लेकिन अब सप्लाई ज्यादा होने के कारण ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ रहा है। अब मनपसंद मॉडल आसानी से मिल रहे हैं। वैसे जहां तक आन डिमांड का सवाल है, तो 5 से 8 लाख तक की कम बजट वाली कारें वो जरूर आन डिमांड मिल रही हैं।

आजकल जो भी कारें बन रही हैं, वे सब बीएस- 6 बन रही हैं। इसमें हाईटेक फीचर रहते हैं। इनके लिए सेमीकंडक्टर जरूरी होता है।सेमीकंडक्टर का मतलब अर्धचालक होता है और इसका इस्तेमाल करंट को नियंत्रित करने में किया जाता है। मौजूदा समय में जितनी भी कारें बाजार में आ रही हैं, उन सभी में सेमीकंडक्टर का इस्तेमाल किया जाता है। इनका इस्तेमाल करंट को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है। इनके बगैर मौजूदा कारों की कल्पना करना बेकार है, क्योंकि ये न हों तो कार में हाईटेक फीचर्स का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। कारों को चलता-फिरता कंप्यूटर बनाने में सेमीकंडक्टर की अहम भूमिका है। इसकी कमी के चलते ही पिछले दो-तीन साल से कारों की सप्लाई प्रभावित रही है। लेकिन अब सप्लाई तो सामान्य हो गई है, लेकिन अब डिमांड ज्यादा हो गई है।

### एसयूवी का क्रेज ज्यादा

बहुत सी ऐसी कंपनियां हैं जो एसयूवी टाइप की गाड़ियां बनाती हैं। इस गाड़ी को बनाने का मकसद यह है कि यह किसी भी परिस्थिति में और कहीं पर भी चलाई जा सकती है।

### अब वेटिंग कम

कारों में अब वेटिंग बहुत कम हो गई है। कोई भी मॉडल डेढ़ से दो माह के अंदर मिल जा रहा है।

**- विवेक गर्ग,** अध्यक्ष, राजधानी ऑटोमोबाइल एसोसिएशन

- जिले में दो निगम व एक नगर पंचायत, इनके पास पशुओं का हिसाब नहीं, सड़क पर मवेशी

# संसाधन व सुविधा के बाद भी रायपुर निगम का प्रयोग फेल, बिरगांव में जगह तो माना में काऊकैचर ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिले में दो निगम व एक नगर पंचायत इसलिए बनाए गए हैं, ताकि 16 लाख से ज्यादा लोगों को बेहतर सुविधा देने के लिए काम किया जा सके। रायपुर निगम के पास सुविधा व संसाधन होने के बाद भी 15 साल में मवेशी सड़क पर न आने पाएं।

पशु पालन आबादी के बाहर करने का दावा और प्रयोग भी फेल हैं। वहीं बिरगांव निगम के पास दबोचे गए मवेशियों को रखने के लिए जगह नहीं है। एक ही काउ केचर गाड़ी होने से कार्रवाई भी बेअसर है। माना नगर पंचायत के पास तो सुविधा व संसाधन का भी अभाव है। राजधानी की सड़कों, पॉश कॉलोनियों ही नहीं बल्कि इससे सटे बिरगांव निगम व माना नगर पंचायत क्षेत्र में तो इससे भी बुराहाल है। इसकी वजह जांचने के लिए पड़ताल में पता चला कि किसी भी निगम व नगर पंचायत के पास उनके क्षेत्र में कितने पशु पालक और उनके पास कितने मवेशी हैं, इसका भी कोई हिसाब नहीं है। यदा-कदा की जाने वाली कार्रवाई भी बेअसर है। इसका खामियाजा वार्ड की जनता को भुगतना पड़ रहा है। सड़क पर घूमने वाले सांड कहीं और कभी भी आपस में भिंड जाते हैं। इससे मुख्य मार्ग से आने- जाने वाले लोगों के लिए खतरा बने हुए हैं।

### 15 साल में फ्लाप यह प्लान

- मवेशी पालकों की गणना व उनके पास मवेशियों का संख्या को वार्डवार एकजाई करना, दो साल में जुटाया 15 सौ से ज्यादा मवेशियों पर कार्रवाई व एक लाख से ज्यादा जुर्माना वसूलने का रिकार्ड।
- शहर के चार कोने में इतने ही गोकुल नगर बसाने व वहां पशुओ का विस्थापन, एक ही गोकुल नगर बना पाए और वहां करीब 170 पशु पालकों को दिया जगह, बचे हुए लोगों को सिर्फ नोटिस दे रहे।
- पकड़े गए पशुओं को छुड़ाने के लिए पहुंचने वाले पशु पालकों के आधार नंबर सहित डाटा तैयार करने की मुहिम फाइलों में सिमट गई। गाय, बैल व सांड के कान में नंबरिंग भी नहीं करवा पाए।



*निगम हर जोन में काऊकैचर : शहर सरकार द्वारा लोगों को घूमंतु मवेशियों व सांड से बचाव के लिए निगम के सभी जोन में मिलाकर 10 काउ केचर के साथ प्रत्येक गाड़ी के लिए 4-4 कर्मचारियों की टीम है। पकड़े गए मवेशियों को रखने के लिए चार काजी हाउस में से अभी सिर्फ लाखेनगर में ही संचालन हो रहा है। इसके अलावा जोन 05,06, 08 और 09 में गौठान का भी संचालन किया जा रहा है। इसके बाद भी घूमंतु मवेशी व सांड दिन व रात में आने-जाने वाले लोगों के लिए खतरा बने हुए हैं।*

### जोन को कार्रवाई करने निर्देश

सड़क पर आने वाले घूमंतु मवेशियों की रोकथाम के लिए सभी जोन की टीम को निर्देश दिया है। व्यवस्था बहाली के लिए प्रयोग होते हैं। पशु पालकों के विरोध की वजह से उन्हें आबादी से नहीं हटा पाए हैं।

**- आरके डोंगरे,** उपायुक्त, राजस्व विभाग, नगर निगम, रायपुर

### जल्द शुरू करवाएंगे अभियान

आबादी के बीच घूमंतु मवेशियों की वजह से जो दिक्कतें हो रही हैं। उसे संज्ञान में लेते हुए काउ केचर ट्राली खरीदी गई है। ट्रेक्टर भी जल्द खरीदा जाएगा। इसके बाद समस्या से राहत देने अभियान चलाएंगे।

**- संजय यादव,** अध्यक्ष, नगर पंचायत, माना

### चलाएंगे अभियान, बनाएंगे व्यवस्था

मवेशियों व सांड की शिकायत मिल रही है। जल्द ही अभियान चलवाया जाएगा। साथ ही पशु पालकों को हिदायत भी देंगे। पकड़े गए मवेशी रखने के लिए जल्द ही स्थाई व्यवस्था भी बनाई जाएगी।

**- नंदलाल देवांगन,** महापौर, नगर निगम, बिरगांव

### सेंट पॉल्स स्कूल में 1973 बैच का मनाया शाला प्रवेशोत्सव



**रायपुर।** बैरन बाजार स्थित सेंट पॉल्स स्कूल में सोमवार को सेंट पॉल्स स्कूल 1973 बैच का शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर शाला के प्रभारी प्राचार्य जयवंत मसीह ने पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथि, शिक्षक डेविड का स्वागत किया। इसी दौरान समारोह के संयोजक निरंजन सिंह यादव ने बताया कि सन 1967 में एंट्रेंस एग्जाम देकर सेंटपॉल्स स्कूल में भर्ती होने की याद को जीवंत रखने तथा छात्र जीवन को फिर से जीने की चाहत लिए यह कार्यक्रम में किया गया।

## अस्पताल के कर्मचारियों को श्रम सम्मान राशि का लाभ देने ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- चिकित्सा अधीक्षक को सौंपा 19 सूत्रीय ज्ञापन

आंबेडकर अस्पताल में काम करने वाले कर्मचारियों को उनकी योग्यता के अनुसार श्रम सम्मान राशि का लाभ देने की मांग की गई है। इसके साथ ठेका कर्मियों को कलेक्टर दर पर भुगतान सहित 19 सूत्रीय मांगों पर चिकित्सा अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया है।

प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष एसएस सोनी के नेतृत्व में आंबेडकर अस्पताल के कर्मचारियों ने चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसबीएस नेताम से मुलाकात की। उन्होंने मांग की है कि अस्पताल में चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों की संख्या सात सौ बिस्तर के सेटअप के आधार पर है, जबकि यहां की क्षमता 14 सौ बेड की हो चुकी है। तमाम अड़चनों को दूर कर कर्मचारियों की भर्ती शीघ्र करने की मांग की गई है। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि ठेका एजेंसी कर्मचारियों को विभिन्न तरह से प्रताड़ित करती है। वर्दी देने के बदले उनके वेतन से राशि काट ली जाती है।




साथ ही समय पर वेतन भी नहीं दिया जाता, जिसकी वजह से कई बार आर्थिक परेशानी का सामना भी करना पड़ता है। कर्मचारियो ने अस्पताल के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को कलेक्टर दर पर भुगतान करने के मांग की है। कर्मचारियों ने अपने ज्ञापन में जिक्र किया है कि अस्पताल में काम करने वाले कर्मचारियों के परिवार को अस्पताल में उपचार की सुविधा प्रदान की जाए और उनके लिए पृथक से सुविधा युक्त बेड की व्यवस्था की जाए।

## झेरिया यादव समाज की बैठक एक जोड़े का आदर्श विवाह

**रायपुर।** महादेवघाट रायपुरा स्थित कार्यालय में गत दिनों छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज की प्रबंधकारिणी एवं प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हुई। शुभारंभ भगवान राधा-कृष्ण की पूजा-अर्चना से किया गया। बैठक में पारित प्रस्ताव अनुसार 21 जुलाई को जांजगीर-चांपा में प्रदेश अध्यक्ष के विरुद्ध दुष्प्रचार करने वाले अन्य संगठन एवं व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई, सामाजिक नियमावली में आंशिक संशोधन एवं एक जोड़े का आदर्श विवाह संपन्न हुआ। यह जानकारी प्रदेश सचिव सुंदरलाल यादव ने देते हुए बताया कि इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव, शत्रुघन यादव, प्रीतम यादव, बैसाखू राम यादव, घुरऊ यादव, नरेश यादव, मतवारी यादव, परदेसी यादव सहित बड़ी संख्या में यादव बंधु महिला एवं पुरुष उपस्थित हुए।






पेज 11 का शेष

### अतिक्रमण हटाने ..

वाहन पार्किंग के चलते हमेशा यातायात की समस्या बनी रहती है। यात्री बसों की सवारी को लेकर तो कभी भारी वाहनों में दोपहिया वाहनों को ठोकर लगने मात्र से आए दिन विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। अनेक बार तो मारपीट की नौबत के साथ ही पुलिस के हस्तक्षेप पर विवाद समाप्त करने जैसे हालात बनते व बिगड़ते रहे हैं। वहीं स्थानीय निकाय में दोनों प्रमुख दल के सत्ता शासन रहे, परंतु सुगम यातायात बहाली पर कोई ठोस कदम नहीं उठा पाए। इसके कारण समस्या और भी जटिल होती गई। वहीं, स्वार्थ की राजनिति ने नगर के विकास और खूबसूरती को ग्रहण लगा कर रख दिया है। यही कारण है कि राजनेताओं के प्रति आमजनों की सोच बदल गई है। **एक ही व्यक्ति लगा रहा एक से ज्यादा दुकान:** नगर के हृदय स्थल गोल बाजार में एक व्यक्ति एक से अधिक ठेलों में सामान बिक्री करते दिखाई पडते हैं, जिससे हमेशा जय स्तंभ पर जाम लगा रहता है। इधर साप्ताहिक व दैनिक सब्जी बाजार के पुरानी तहसील आफिस पर बेवजह लगने के चलते भी यातायात बाधित होता है इसलिए सब्जी बाजार को अन्यत्र स्थापित किया जाता है तो यातायात सुगम हो सकती है।स्थानीय पुलिस व यातायात पुलिस के मदद के साथ ही नगर पंचायत की ईमानदार पहल से नगर मे यातायात के बदतर हालात को सुधारा जा सकता है। अब देखना होगा कि तहसीलदार व थाना प्रभारी के हिदयत का असर व्यापारियों पर कितना होता है यह समय की गर्भ में है।

**अदालतः व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2, साजा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

**// समन //**

**अदालत जनाबः-**

मुकदमा नंबरः- निष्पादन वाद क्र. 01/2023
प्रोसेस नंबरः- 187/24 से 190/2024
श्रीमती अपर्णा देवांगन वगै. - मुद्दई
यशवंत वगैरह - मुद्दालेह

बनामः- प्रतिवादी
(1) केशव पिता हीरालाल देवांगन उम्र 65 वर्ष
(2) जनक पिता हीरालाल देवांगन उम्र 60 वर्ष उपरोक्त दोनो निवासी बिसेन्ट टेलर्स विवेकानंद आश्रम रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग.।
(3) अर्जुन पिता हीरालाल देवांगन उम्र-55 वर्ष निवासी समता कालोनी मकान नं. 297 जिला बेमेतरा छ.ग.।
(4) हल्का पटवारी- प.ह.नं.- 23 (पुराना) प.ह.नं. 06 (नया), तहसील देवकर, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

श्रीमती अपर्णा देवांगन ने आपके विरूद्ध स्वामित्व की घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा का मुकदमा दायर किया है। आपको इस न्यायालय में पेशी तारीख 15.07.2024 को दिन में 11:00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गए हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि, आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजें जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करे जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हों, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करे।

आपको सूचित किया जाता है कि, यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। यदि पेशी तारीख को किसी कारणवश अवकाश रहता है तो आगामी कार्य दिवस पर सुनवाई की जायेगी।

यह आज तारीख 13.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मुहर

**(विवेक केरकेट्टा)**
**व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी साजा बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**



## खबर संक्षेप



### ईडी समीर स्वरूप और सीजीएम सुधीर कुमार को दी विदाई

**भिलाई।** सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा कार्यपालक निदेशक समीर स्वरूप और मुख्य महाप्रबंधक सुधीर कुमार के सेवानिवृत्ति पर, भिलाई क्लब में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उन्हें, निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता और कार्यपालक निदेशकों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर श्री दासगुप्ता ने समीर स्वरूप और श्री सुधीर कुमार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में ईडी अंजनी कुमार, एस मुखोपाध्याय, अजय कुमार चक्रबर्ती, डां. अशोक कुमार पंडा, पवन कुमार एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डां. एम रविन्द्रनाथ सहित सेवानिवृत्त समीर स्वरूप और सुधीर कुमार अपने परिवार के साथ उपस्थित थे।श्री दासगुप्ता ने दोनों रिटायर अधिकारियों के योगदान को सराहनीय बताते हुए धन्यवाद दिया। श्री स्वरूप और सुधीर कुमार ने सेल और बीएसपी में सेवाकाल के अनुभव और भविष्य की योजनाओं को साझा किया।

### 108 एम्बुलेंस में गर्भवती ने बेटी को दिया जन्म

**भिलाई।** 108 संजीवनी एक्सप्रेस स्टाफ की सूझबूझ से गर्भवती महिला ने स्वस्थ बेटी को जन्म दिया। सोमवार की सुबह 9 बजे ग्राम भानपुरी ( अंडा) निवासी प्रीति देशमुख उम्र 30 वर्ष ,पति बबलू देशमुख को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने डायल 108 के माध्यम से सूचना दी। सूचना मिलते ही ईएमटी भुनेश्वरी देशमुख और पायलट लिवेन्द्र कुमार तुरन्त घर पहुंचे। घर से आगे निकलते ही 3 किलोमीटर दूर ग्राम कोडिया के पास गर्भवती महिला की प्रसव पीड़ा अत्याधिक बढ़ गई। पायलट लिवेन्द्र ने गर्भवती महिला की स्थिति को देखते हुए एम्बुलेंस को सड़क किनारे सुरक्षित खड़ी की। इसके पश्चात ईएमटी भुनेश्वरी ने अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए सर्वप्रथम ईआरसीपी के माध्यम से डॉक्टर संजय सिन्हा से संपर्क साधा और उनके सलाहनुसार प्रसव प्रक्रिया परिजनों के सहमति उपरांत शुरू की। कुछ देर बाद प्रीति ने बेटी को जन्म दिया। सुरक्षित प्रसव बाद मां और बेटी को पीएचसी हनोदा में भर्ती कराया गया।

### डेंगू की रोकथाम के लिए टाउनशिप में अभियान शुरू

**भिलाई।** बीएसपी टाउनशिप में मच्छरों के प्रकोप को कम करने और डेंगू, मलेरिया की रोकथाम को सुनिश्चित करने के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयारियां की जा चुकी हैं। विभिन्न सेक्टरों में पोर्टेबल फागिंग, वाटर फागिंग, आयलिंग, घरों में टेमीफास का वितरण और बैकलाइन क्षेत्रों में फगिंग एवं दवाओं के स्प्रे का कार्य भी किया जा रहा है। टाउनशिप में डेंगू फैलने की आशंका के मद्देनजर आवश्यक प्रतिबंधात्मक उपायों के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र का जन स्वास्थ्य विभाग एवं नगर पालिक निगम द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

## बैठक : समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश

# खाद-बीज के लिए किसानों को न हो परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में जिले के कार्यों की समीक्षा करने समय सीमा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से शासकीय कार्यों के कामकाज की रिपोर्ट ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही विकास कार्यों की प्रगति, सरकारी योजनाओं का कार्यान्वयन, और समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गई । इस अवसर पर अपर कलेक्टर अनिल वाजपेयी, सर्व एसडीएम, सर्व जनपद सीईओ, सर्व सीएमओ सहित जिला के अधिकारी उपस्थित थे ।

कलेक्टर श्री शर्मा ने सभी निर्माण एजेंसियों के धीमी कार्य प्रगति पर नाराजगी जताई और समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं होने पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए । उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के सड़कों के किनारे पौधारोपण के निर्देश दिए। साथ ही सभी अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर उपयुक्त स्थल देखकर पौधारोपण करने को कहा । उन्होंने मरम्मत योग्य शाला भवनों की जानकारी ली और प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। जिलाधीश ने 4 जुलाई को होने वाले शाला प्रवेश जिला स्तरीय कार्यक्रम के संबंध में जानकारी ली और कहा कि सभी ड्यूटीवार अपने अपने कार्यों को सम्पन्न करेंगे साथ ही उक्त स्थल पर पौधारोपण भी करेंगे, इस दौरान उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम अच्छे से करने के निर्देश दिए।



### नए कानूनों के बारे में लोगों को दें जानकारी

कलेक्टर ने नवीन क़ानून व्यवस्था के बारे में बताते हुये कहा की आगामी महीने में सर्व ग्राम पंचायतों में नविन आपराधिक विधी अधिनियमों का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करना हैं । जिलाधीश ने पीएम किसान सम्मान निधि की जानकारी ली और जल्द से जल्द पात्र हितग्राहीयों का आधार सिडिंग कार्य पूर्ण करने को कहा । उन्होंने शिक्षा विभाग को स्कूलों की स्थिति सुधारने और छात्रों के शैक्षणिक स्तर को बढ़ाने के लिए विशेष योजनाएं तैयार करने के निर्देश दिए और सभी अधिकारीयों से सभी स्कूलों में नेवता भोज कार्यक्रम करने के निर्देश दिए । उन्होंने कहा की अपने स्कूल परिसर का वातावरण स्वच्छ रखें। अपने स्कूल के बच्चों के पालकों को बुलाकर पालक-बालक बैठक आयोजित कर बच्चों के सर्वांगीण विकास में चर्चा कर उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक करें।

### बाढ़-आपदा से निपटने के लिए करें मॉकड्रिल

आगामी मानसून के मद्देनजर कलेक्टर ने बाढ़ और जलजमाव की समस्याओं से निपटने के लिए तैयारियों का जायजा लिया और बाढ़ आपदा के पहले मॉक ड्रिल कर सतर्क रहने के आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सप्ताह में सभी जनपद, नगरीय निकाय और विभागवार प्लान तैयार करें कि नदी किनारे बसे गांवों में आपदा से निपटने के लिए क्या तैयारी की गई है ।जिलाधीश ने राजीव युवा मितान योजना की प्रगति की जानकारी ली और अगले तीन दिवस के भीतर सभी कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश जनपद सीईओ को कहा ।

### योजनाओं के लाभ के लिए कराएं केवाईसी

बैठक में कलेक्टर ने कृषि के लिए खाद बीज वितरण, महतारी वंदन और पीएम किसान सम्मान निधि योजना में आधार का केवायसी और भूमि सीडिंग कराने की स्थिति की जानकारी लेकर संबंधीत अधिकारी से कहा कि सभी महिला हितग्राही और किसानों का केवायसी और सीडिंग कराएं, ताकि योजनाओं का लाभ तुरंत मिले। खाद-बीज की जानकारी देते हुये कृषि अधिकारी ने बताया कि जिले में जिले में 97 प्रतिशत खाद-बीज प्राप्त हुआ है, जिसमें से 77 प्रतिशत किसानों को वितरित कर दिया गया है। कलेक्टर ने खाद्य अधिकारी से जिले में एक सप्ताह के भीतर सभी राशनकार्ड का वितरण शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए । कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों से धान उठाव, भंडारण, राइस मिलरों को जारी डीओ, निराकरण आदि के संबंध में चर्चा की।

### स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पर दिया जोर

कलेक्टर ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए संबंधित विभागों को नियमित सफाई और कचरा प्रबंधन पर सख्ती से काम करने के निर्देश दिए । उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाओं और उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये । उन्होंने जिला अस्पताल में रात के समय डॉक्टर को उपलब्ध रहने को कहा ताकि इमरजेंसी परिस्थिति में नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें । उन्होंने वर्षा ऋतू में होने वाले मौसमी बीमारी से निपटने आवश्यक तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए ।

# माता ही बच्चों की प्रथम गुरू होती हैं जो उन्हें खेल-खेल में सिखा देती हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ शासकीय प्राथमिक शाला समेसर में मनाया गया पढ़ाई तिहार

शासकीय प्राथमिक शाला समेसर में पढ़ाई तिहार अंगना मां शिक्षा 4.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों के साथ-साथ उनकी माताओं को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था।

कार्यक्रम में मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के बाद माताओं को गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। शाला की प्रधान पाठिका साधना साहू ने पढ़ाई तिहार पर शिक्षाप्रद गीत अलख जगाबो रे भैया, ज्ञान के अलख जगाबो रे, आगे पढ़ई तिहार प्रस्तुत किया। उसके बाद नवाचारी शिक्षिका गोपेश्वरी साहू ने कहा कि मां ही बच्चों की प्रथम गुरु होती हैं, जो बच्चों को अपने घर आंगन में खेल खेल के माध्यम से सिखाती हैं। उसके बाद 9 काउंटरों पर बच्चों को विविध गतिविधियां कराई गईं। कार्यक्रम के दौरान बताया गया इसी प्रकार हमारे विद्यालय में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम में उपस्थित माताएं खेल खेल में अपने बच्चों को छोटी-छोटी गतिविधियों के माध्यम से पठन पाठन सिखाएं। इस तरह शाला आने के पूर्व बच्चे बहुत कुछ सीख जाते हैं। इस अवसर पर स्मार्ट माता का भी चयन किया गया। अंगना म शिक्षा पढ़ाई तिहार शाला की प्रधान पाठिका साधना साहू, नवाचारी शिक्षिका गोपेश्वरी साहू, शिक्षक दिलीप कुमार जांगड़े, पूर्व माध्यमिक शाला की प्रधान पाठिका अलकनंदा मेश्राम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता किरण साहू, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से अंजलि सिंह, माताओं में सावित्री, दरस, सीता, धनेश्वरी, सीमा वैष्णव, रामप्यारी आदि उपस्थित रहीं।




# बच्चों के लिए बनाए गए 9 काउंटर, सिखाई गईं विविध गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ प्राथमिक शाला जामगांव संकुल केंद्र पाहंदा में मनाया गया पढ़ई तिहार

अंगना म शिक्षा 4.0 के अंतर्गत पढ़ई तिहार का आयोजन शासकीय प्राथमिक शाला जामगांव संकुल केंद्र पाहंदा में किया गया। साथ ही साथ माता उन्मुखीकरण का कार्यक्रम भी रखा गया। जिसमें नव प्रवेशी कक्षा पहिली कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों के माताओं को शामिल किया गया। इस अवसर पर शाला की नवाचारी शिक्षिका सावित्री साहू ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत खेल खेल में आनंदमयी माहौल बनाकर बच्चों को सिखाना है। इसके तहत घर पर ही रहकर माताओं को बच्चों को सिखाने की गतिविधयां बताई गईं।

जिनके लिए माताओं को अपने बच्चों को सपोर्ट कार्ड देकर बच्चों से नौ काउन्टर में जाकर गतिविधियां कराई गई। जिसमें बच्चों के सिखाने के आयामों के अंतर्गत शारीरिक विकास हेतु सीधी और टेढ़ी लाइन पर संतुलन बनाकर चलने को कहा गया। साथ ही साथ रस्सी लेकर कूदने और पेपर द्वारा पंखा और अलमारी बनवाया गया। बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए एक जैसी दिखने वाली चीज़ों का मिलन रंगों की पहचान और छोटी सी बड़ी क्रम में चीज़ों को लगाने के लिए कहा गया। इसी क्रम में भाषा विकास के लिए चित्रों पर बातचीत व वर्ण, शब्द और वाक्य पहचान की गतिविधि बच्चो से करवाई गई। साथ ही साथ बच्चों के संख्या पूर्व अवधारणा के अंतर्गत बच्चों से आकृति पहचान उन वस्तुओं को गिनना, अंको की पहचान की गई। बच्चों के कोना में दिए चित्रों पर रंग भरना, शब्दों को लिखना, अपने नाम को लिखना और भाव पहचान की गतिविधियां करवाई गई। साथ ही माताओं को सपोर्ट कार्ड देकर घर में भी इसी प्रकार की गतिविधि करने को कहा गया। साथ ही 30 अगस्त को दूसरा मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बच्चों का आकलन किया जाएगा। कार्यक्रम में माताओं में लक्ष्मी, गोमती साहू, द्रोपती साहू, हीरा साहू, देवकी साहू, हेमलता साहू, त्रिवेणी साहू, पूजा मानिकपुरी, त्रिवेणी सम्मिलित हुई। पूर्व माध्यमिक शाला से दिनेश कुमार लहरे, राजेश कुमार वर्मा सीएसी महेंद्र कुमार साहू, शासकीय प्राथमिक शाला जामगांव के प्रधान पाठक जसपाल साहू, सुरेन्द्र पाल सिंह यादव, संतोष साहू और प्रमिला बघेल की भागीदारी रही। कार्यक्रम का संचालन नवचारी शिक्षिका सावित्री साहू ने किया।




# बच्चों को खेल-खेल में ही सिखाने का प्रयास करें माताएं : गिरिजा

■ कन्या स्कूल देवकर में पढ़ई तिहार के दौरान प्रधानपाठक ने किया आग्रह

**बेमेतरा।** शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर तथा शासकीय प्राथमिक शाला डीह पारा में नवप्रवेशी बच्चों और उनकी माताओं के साथ पढ़ई तिहार का आयोजन किया गया। नीले रंग के परिधान को शासन की मंशा अनुरूप ड्रेस कोड रखा गया। भाषा विकास अंतर्गत पढ़ना और गणित पूर्व तैयारी में से जल और थल, संतुलन बना कर चलना, वर्गीकरण की गतिविधि कराई गई। माताओं द्वारा बच्चों को स्थानीय भाषा में गीत गायन कराया गया। 9 काउन्टर का निर्माण किया गया और प्रत्येक काउन्टर पर आधारित गतिविधि बच्चों से कराया गया। जिसमें नामांकन और संकलन, शारीरिक व क्रियात्मक विकास रंग भरना, चेहरे का हाव-भाव पहचान, गणितीय आकार से परिचय, बौद्धिक विकास, पेपर फोल्डिंग आदि शामिल थे। खेल व गतिविधि में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली माताओं और बच्चों को पुरस्कृत किया गया। बच्चों का सपोर्ट कार्ड प्रदान कर उसे भरा गया। शाला की प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल द्वारा माताओं से अपील की गई की वे अपने बच्चों को खेल-खेल में ही सिखाने का प्रयास करें। उक्त कार्यक्रम में प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल, मैमुना सुल्ताना, श्वेता वर्मा, वीणा रावटे, आशुतोष चौबे, सरस्वती मिर्चें, राजुदास मृचंडे, पुष्पा साहू, महेशिया निषाद, सुनीता, बसंती, प्रिया अग्रवाल, बसंती अग्रवाल, मुन्नी गुप्ता, गीता अग्रवाल आदि माताएँ उपस्थित थे।



### अभा छत्तीसगढ़ी महासभा की युवा इकाई के जिला अध्यक्ष बने वांकेश्वर

**बेमेतरा।** अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रितेश शर्मा ने बेमेतरा जिले के युवा इकाई के जिलाध्यक्ष के तौर पर वांकेश्वर साहू की नियुक्ति की है। वांकेश्वर की नियुक्ति महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी की अनुशंसा पर की गई है।



विदित हो कि अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा ,छत्तीसगढ़ के संस्कृति खान पान रहन सहन और पहनावों ,छत्तीसगढ़ के साहित्य,महापुरुषों और छत्तीसगढ़ी भाषा के उन्नयन के लिए राज्य भर में काम करती है। यह एक गैर राजनैतिक संगठन है। वांकेश्वर साहू को युवा जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर जिला पंचायत सदस्य अंजू बघेल,राहुल टिकरिहा,गुड्डा पटेल,राजेश दीवान,विष्णु साहू धर्मेंद्र साहू मनीष यादव खेलावन साहू शंकर गुप्ता सानू साहू अमित यादव प्रथम राजपूत योगेश दीवान दामेन साहू गजेंद्र वर्मा छोटू शर्मा नारायण साहू ने हर्ष व्यक्त किया है। नवनियुक्त युवा जिला अध्यक्ष वांकेश्वर साहू ने कहा है कि संगठन द्वारा सौपी गई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा से पालन करेंगे और छत्तीसगढ़ी महासभा के कार्य और उद्देश्य को जिले में संगठन के माध्यम से आगे बढ़ाएंगे। अपनी नियुक्ति पर उन्होंने महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी और प्रदेश अध्यक्ष रितेश शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# आत्मानंद स्कूल में नवप्रवेशी छात्राओं का किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में नव प्रवेशित कक्षा 9वीं की छात्राओं के स्वागत किया गया। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की नव नियुक्त अध्यक्ष प्रेमलता नेमा के मुख्यआतिथ्य, एवं नोडल अधिकारीजे.ऐसभटनागरकार्यपाल नअभियंता.एस.पी.डी.सी.एल. की अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा नेत्री ममता साहू की उपस्थिति में प्रवेश उत्सव मनाया गया । माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के बाद अतिथियों का स्वागत किया गया। संस्था प्रमुख प्राचार्य कविता बाजपेयी ने आमंत्रित अतिथियों का अभिनंदन करते हुए बच्चों को भयमुक्त होकर स्कूल आने एवं अच्छे से अनुशासित रहकर पढ़ाई करने के लिए के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि ने नव प्रवेशित छात्राओं का स्वागत करते हुए उन्हें अपने माता-पिता, गुरुजनों का सदैव सम्मान करते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही विद्यालय के विकास, प्रबंधन एवं समस्याओं के समाधान में सदैव सक्रिय रूप से अपनी भागीदारी निभाने की बात कही।कार्यक्रम के अध्यक्ष ने सभी बच्चों से कठिन परिश्रम करने एवं शिक्षकों से अपने दायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता सुनील झा ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया। उसके बाद अतिथियों एवं प्राचार्य ने नव प्रवेशी बच्चों को गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया गया। कक्षा नवमी की नवप्रवेशी छात्राओं को निशुल्क पुस्तक का वितरण किया गया।उपस्थित अतिथियों, एवं पालकों का आभार संस्था के व्याख्याता योगेन्द्र वर्मा ने किया। इस अवसर शाला प्रबंधन समिति के सदस्य,पालक,शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित थे।




**नए कानून से मिलेगा फरियादियों को न्याय : भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत थाना नेवई में आयोजित तीन नये परिवर्तित कानून के शुभांरभ मुख्य अतिथि विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक चंद्राकर ने कहा कि रविवार रात बारह बजे से यानी एक जुलाई की तारीख शुरू होने के बाद घटित हुए सभी अपराध नये कानून में दर्ज किये जाएंगे।

एजेन्सी देना है...

हरिभूमि समाचार पत्र बेमेतरा जिला के अंतर्गत देवकर में एजेंसी देना है।

समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता। सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।

हरिभूमि कार्यालय, बेमेतरा
रायपुर रोड चाचा प्रॉपर्टी के पास
मो. 8319154342

हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8224868411

# गोदी पटेल बनीं टेढ़ी की सरपंच



**साजा।** ग्राम पंचायत टेढ़ी की सरपंच गोदीबाई पटेल होंगी। पूर्व सरपंच विजय पटेल को गत दिनों धारा 40 के तहत एसडीएम में बर्खास्त कर दिया था। उसके बाद सरपंच चुनाव के लिए मंगलवार को जनपद पंचायत के वरिष्ठ अधिकारी महेश साहू व पाटिल की उपस्थिति में सरपंच पद के लिए निर्वाचन कार्य संपन्न कराया गया। पूर्व सरपंच तारकेश्वर विजय समर्थक गोदी बाई पटेल व आमोद यादव के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें गोदी बाई पटेल ने 10 मत प्राप्त किया। उन्हें विजयी घोषित किया गया। कुल 14 पंचों ने मतदान में हिस्सा लिया।

# भाजयुमो ने फूंका राहुल का पुतला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अंडा अटल चौक में उतई मंडल में राहुल गांधी का पुतला फूंका गया। भाजपा युवा मोर्चा के सदस्यों ने कहा कि देश के संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हिंदू धर्म को सनातनियों को संसद भवन में अपशब्द कहे। उसके विरोध में युवा मोर्चा द्वारा राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। इसमें युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण यदु भाजपा मंडल अध्यक्ष फते वर्मा भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री अजीत चंद्राकर महामंत्री उतई मंडल पुकेश चंद्राकर सोनु राजपूत भाजपा कार्यकर्ता तिलक चंद्राकर हुबलाल चंद्राकर सतीश चंद्राकर सांसद प्रतिनिधि मनोज चंद्राकर महामंत्री युवा मोर्चा दिनेश कुमार करण सेन लोकेश देवांगन उपाध्यक्ष हरीश यादव गोविंद निर्मलकर दानेश्वर दिनेश पटेल नीलकंठ सेन खोरवाहरा निर्मलकर शुभम वर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### टाउनशिप के सिवरेज व पाइप लाइन का हो संधारण

**भिलाई।** टाउनशिप की बुनियादी समस्याओ को लेकर भिलाई निगम भिलाई के पार्षदों के प्रतिनिधिमण्डल नगर सेवा विभाग के महाप्रबंधक प्रभारी विजय शर्मा से नगर सेवा भवन में मिलकर ज्ञापन सौंपा । जीएम ने निदान का भरोसा दिलया।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371